लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1295

01 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों को स्थापित करना

1295. कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:
श्रीमती सकुंतला लागुरी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने झारखण्ड, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश सहित देश में सरकारी क्षेत्र में नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना की योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन्हें स्थान-वार कब तक प्रारंभ और प्रचालित किए जाने की संभावना है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में इस्पात पर आधारित उद्योगों की स्थापना हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख) : छत्तीसगढ़ के नगरनार में 3 एमटीपीए क्षमता के ग्रीनफील्ड एकीकृत इस्पात संयंत्र का निर्माण एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। परियोजना निर्माण-चरण पर है।

आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 की 13वीं अनुसूची के अनुसार तेलंगाना के खम्मम जिले और आंध्र प्रदेश के वाईएसआर जिले में एक एकीकृत स्टील संयंत्र की स्थापना की व्यवहार्यता की जांच स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा निर्धारित तिथि अर्थात् दिनांक 2.6.2014 से 6 माह के भीतर की जानी है। तदनुसार, सेल द्वारा एक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

(ग) : इस्पात एक नियंत्रण-मुक्त क्षेत्र है और इस्पात आधारित उद्योगों की स्थापना के निर्णय परियोजना प्रवर्तकों द्वारा बाजार की गतिशीलता और परियोजनाओं की प्रौद्योगिकी- आर्थिकी व्यवहार्यता को ध्यान में रखकर लिये जाते हैं।

***